Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006
Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

an>

Title : Need for electrification and doubling of Jhansi-Kanpur section of Railways for the development of Bundelkhand region.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार के ध्यान में यह बाता लाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के झांसी कानपुर खंड में सिंगल रेल लाइन है। झांसी से कानपुर की दूरी लगभग 200 कि0मी0 है जिसे तय करने में लगभग 5 घंटे लगते हैं। इस खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण होना अति आवश्यक है। मैंने इस संबंध में माननीय रेल मंत्री जी को पत्र के माध्यम से भी अवगत कराया, इस विाय को रेल बजट चर्चा में भी उठाया है, लेकिन अब तक इस मामले पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

मैं केन्द्र सरकार से झांसी कानपुर रेल मार्ग का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के लिए विचार करने का अनुरोध करता हूं ताकि बुंदेलखंड जैसा पिछड़ा क्षेत्र विकास की दिशा में अग्रसर हो सके।